# कीर्तन में प्रभु आएं हैं | By Poonam Sharma

कीर्तन में प्रभु आये हैं
आये हैं श्याम आये हैं
श्री श्याम के दर्शन पाइये
और जय जयकार लगाइये

कितना सुन्दर सजा श्याम दरबार
दो नैनो से बरस रहा है प्यार
आनंद ही आनंद है प्रभु का यहाँ प्रबंध है
कैसे ये निराले ठाठ हैं
आये जग के सम्राट हैं

श्याम धनि की लीला बड़ी महान
प्रेमी करते महिमा का गुणगान
कोई नाचते कोई झूमते
कोई चरण को चूमते
कोई झोली खड़ा पसार के
कोई आया जग से हार के

अपने अपने भावों की है बात
किसी को दर्शन होते हैं साक्षात्
कोई पास है कोई दूर है
मुझ पर कृपा भरपूर है
कहीं प्रेम का झरना फूट रहा
कोई मौज प्रभु की लूट रहा

जिसे ढूंढने भटक रहा इंसान
कीर्तन में मिल जाते हैं भगवान्
पूनम अगर सच्ची लगन
मिल जायँगे तुझको सजन
बिन्नू जो भी रम जाएगा
वो श्याम के दर्शन पायेगा
कीर्तन में प्रभु आएं हैं........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a5%80%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%a4%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%ad%e0%a5%81-%e0%a4%86%e0%a4%8f%e0%a4%82-%e0%a4%b9%e0%a5%88%e0%a4%82-by-poonam-sha/